मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 289, मुंबई, बुधवार, 22 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त (R)
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# महायुति में महातकरार

## शिंदे-पवार के फैसलों पर बीजेपी का ब्रेक, सम्मान को पहुंची ठेस



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महायुति गठबंधन ने विधानसभा चुनाव के लिए तो साथ में खड़े होकर विजय हासिल कर ली और राज्य में अपनी सरकार भी बना ली। लेकिन शिवसेना और एनसीपी के लिए राज्य में अपनी जगह बनाना इतना भी आसान नहीं है। सरकार बनने के बाद भी शिवसेना और एनसीपी को बीजेपी के सहारे की जरूरत पड़ रही है, जिसको लेकर दोनों पार्टियां नाराज है। राज्य के कामों को लेकर दोनों पार्टियों की फाइलों को बीजेपी द्वारा लागू करने की अनुमति नहीं मिल रही है। इससे दोनों पार्टियों की पद प्रतिष्ठा और सम्मान को ठेस पहुंच रही है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



# जेल जाने से बचे छगन भुजबल

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई ईडी की याचिका, राजनीति में वापसी के दरवाजे बंद!

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सियासी राजनीतिक का माहौल गरमा गया है। किसी-न-किसी मुद्दे को लेकर रोज सियासी हंगामा किया जा रहा है। इस दौरान छगन भुजबल की नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। राज्य सरकार में जगह न मिलने से अजित पवार गुट के छगन भुजबल ने अपनी नाराजगी जताते हुए इसका विरोध भी किया था। छगन भुजबल ने हाल ही में शिर्डी के नवसंकल्प शिविर में भी अपनी नाराजगी जाहिर की थी। छगन भुजबल को भले ही राजनीति में कोई जगह मिले या न मिले लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बड़ी राहत जरूर दे दी है। राकां के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मनी लॉन्डिंग मामले में उन्हें दी गई जमानत को चुनौती दी गई थी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र में 25 जनवरी को कांग्रेस का महा-प्रदर्शन



## दिल्ली से भी प्रमुख नेताओं की होगी एंट्री

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर विपक्ष अब भी खफा बैठा हुआ है और सरकार बनने के बाद भी सरकार और चुनाव नतीजों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है। अब कांग्रेस ने इन राज्य विधानसभा चुनावों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 25 जनवरी को महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा कर दी है। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है, जिसे भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा, पार्टी 25 जनवरी को पूरे महाराष्ट्र में जिला और तालुका स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में पार्टी के प्रमुख नेता भाग लेंगे। इस दौरान नाना पटोले ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर नवंबर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में होने वाले चुनावों में हेराफेरी का आरोप लगाया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# होंठों पर स्माइल, आंखों पर चश्मा...

## पैपराजी से यूं मिलते दिखे सैफ अली खान, सामने आई शानदार झलक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** छोटे नवाब से मशहूर अभिनेता सैफ अली खान पर 16 जनवरी पर हमला हुआ था और हमले में एक्टर काफी जख्मी हो गए थे। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं आज यानी 5 दिन बाद एक्टर को लीलावती हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया है। हालांकि, उनके साथ डिस्चार्ज के वक्त उनकी पत्नी करीना कपूर, मां शर्मिला टैगोर और बेटी सारा अली खान पहुंची थीं। दरअसल, खबरें हैं कि डिस्चार्ज के बाद सैफ अपने पुराने घर फॉर्च्यून हाइट्स शिफ्ट हुए हैं और वहां पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिससे कोई भी बाहर का शख्स आसानी से अंदर ना पाए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी करेगी सैफ अली खान की सुरक्षा, फैमिली ने हायर की टीम

सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद अब परिवार की तरफ से सिक्योरिटी टीम हायर की गई है। जानकारी के मुताबिक बॉलीवुड स्टार रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी से एक टीम को हायर किया गया है, जो सैफ अली खान और उनके परिवार की सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी। सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद सैफ के परिवार की तरफ से यह एक्शन लिया गया है।

## हमारी बात

### शीघ्र एवं उचित न्याय




**असल सवाल है कि महिलाओं का सशक्तीकरण कैसे हो? उनको लेकर मौजूदा नजरिया कैसे बदले? इन पर गंभीर विचार और ठोस पहल के बजाय हो चुके अपराध में मृत्यु दंड की मांग पलायन का रास्ता है, जो खासकर राजनेताओं को अधिक पसंद आता है।**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल बलात्कार कांड की जांच टीम ने जिस तेजी से साक्ष्य जुटाए और सियादह अदालत मामले को जैसी प्राथमिकता दी, वह काबिल-ए- तारीफ है। नौ अगस्त 2024 को हुई इस बहुचर्चित घटना में कोर्ट ने मुजरिम संजय रॉय को उम्र कैद सुनाई है। उस पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। विशेष जज अनिर्बान दास की प्रशंसा होनी चाहिए कि इतने हाई प्रोफाइल मामले में बने जन-दबाव में वे नहीं आए। जुर्म के अनुपात में सजा के सिद्धांत पर इसांफ कायम रहे। उन्होंने कहा कि यह मामला जघन्यतम अपराध की श्रेणी में नहीं आता। इसलिए उन्होंने दोषी को मृत्यु दंड नहीं सुनाया। चूंकि पश्चिम बंगाल में राजानीतिक दलों के बीच इस मामले को लेकर खुद को महिला सुरक्षा का अधिक समर्थक दिखाने और दूसरे पक्ष पर तोहमत लगाने की सियासी होड़ छिड़ी थी, तो स्वाभाविक ही है कि फैसला आने के बाद उसका नया दौर देखने को मिल रहा है। चूंकि केस सीबीआई को सौंप दिया गया था, तो अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को निर्णय पर असंतोष जताने का मौका मिला है। उन्होंने कहा है कि अपराधी को मृत्यु दंड दिलवाने के लिए वे हाई कोर्ट जाएंगी। मगर तजुर्बा यह है कि ऐसे मामलों में अक्सर असल मद्दे से ध्यान हटाने के लिए मृत्यु दंड की मांग गरम की जाती है। असल मुद्दा महिलाओं को दोयम दर्जे का मानने का सामाजिक नजरिया है, जिस कारण उन पर विभिन्न तरह के अपराध रोज हो रहे हैं। सिर्फ दर्ज मामलों का जिक्र करें, तो 2023 की एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक 2021 के मुकाबले 2022 में महिलाओं के प्रति अपराध में चार प्रतिशत का इजाफा हुआ। देश भर में महिलाओं के प्रति अपराध की हर घंटे औसतन 51 शिकायतें दर्ज हुईं। पश्चिम बंगाल में हालात इससे अलग नहीं है। असल सवाल है कि महिलाओं का सशक्तीकरण कैसे हो और उनको लेकर मौजूद पारंपरिक नजरिया कैसे बदले? इन प्रश्नों पर गंभीर विचार और ठोस पहल करने के बजाय हो चुके अपराध में मृत्यु दंड की मांग पलायन का रास्ता है, जो खासकर राजनेताओं को अधिक पसंद आता है।

# चौथा डॉक्टर 365 बॉलीवुड महा आरोग्य शिविर: एक महान उद्देश्य के लिए बॉलीवुड एकजुट

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चौथा** डॉक्टर 365 बॉलीवुड महा आरोग्य शिविर, जो एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक स्वास्थ्य सेवा पहल है, का सफलतापूर्वक आयोजन मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित चित्रकूट ग्राउंड में हुआ। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉक्टर 365 के चेयरमैन डॉ. धर्मेंद्र कुमार और प्रसिद्ध अभिनेता-निर्माता-निर्देशक धीरेज कुमार, क्रिएटिव आई लिमिटेड के चेयरमैन, ने किया। इस आयोजन में 50,000 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।



### बॉलीवुड की जगमगाती उपस्थिति

इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई प्रमुख चेहरे शामिल हुए, जैसे पूनम ढिल्लों, सुजाता मेहता, उपासना सिंह, अशित मोदी, टीनू वर्मा, अली खान, और दीपक पराशर। साथ ही इस कार्यक्रम में संगीता तिवारी, सहिला चड्ढा, और लेखिका-शायरा संध्या रियाज ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बॉलीवुड के सेलिब्रिटी डिजाइनर अर्चना कोचर ने भी कार्यक्रम में अपनी मौजूदगी से चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम में सद्गुरु श्री दयाल जी और गुरु मां जैसे प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और सांसद हिमाद्री सिंह भी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम की मुख्य उपस्थिति

इसमें प्रमुख सरकारी और व्यवसायिक क्षेत्र से जुड़ी शख्सियतें भी शामिल हुईं, जिनमें शामिल हैं:

मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव (वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार में ₹राइट टू सर्विस₹ के मुख्य आयुक्त)। पद्मश्री डॉ. सोमा घोष। जीएसटी कमिश्नर डॉ. स्मिता डोलस सोमाने। भाजपा की भारती लवेकर और विनोद शेलार। एफडब्लूआईसीई के अध्यक्ष बी.एन. तिवारी। इस आयोजन में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विशेष पुलिस महानिरीक्षक मोहन राठौड़, एसीपी संजय पाटिल और एसीपी चंद्रकांत कटकर ने भी भाग लिया।

### कार्यक्रम की झलकियां

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और महाराष्ट्र सम्मान गीत के साथ हुई। इन प्रस्तुतियों को विवेक प्रकाश और मोहम्मद अयाज ने प्रस्तुत किया। डॉ. धर्मेंद्र कुमार और धीरेज कुमार ने सभी प्रमुख अतिथियों का आभार व्यक्त किया, जिनमें शामिल थे: इजराइल के वाणिज्य दूतावास कोबी सोशानी। जॉर्जिया के वाणिज्य दूत सतिंदर आहूजा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चेतन देसाई। क्रिटिकेयर हॉस्पिटल चेन के मालिक डॉ. दीपक नमजोशी और मासूमा नमजोशी। कार्यक्रम का संचालन वैभव शर्मा और सौंदर्या ने कुशलतापूर्वक किया।

### स्वास्थ्य सेवाएं

इस शिविर में बॉलीवुड कलाकारों, तकनीशियनों, बैकस्टेज कर्मियों, मीडिया कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। इनमें शामिल थे:

मुफ्त स्वास्थ्य जांच और टीबी स्क्रीनिंग। 4 करोड़ रुपये की दवाइयों का वितरण। आंखों की जांच, मुफ्त चश्मे और व्हीलचेयर। महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं।

डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस पहल के तहत पिछले शिविरों में 5.56 करोड़ से अधिक मरीजों की जांच की गई है और इस साल की उपस्थिति रिकॉर्ड तोड़ रही है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के 2026 तक गुजरात को टीबी मुक्त बनाने के दृष्टिकोण के साथ पहल को आगे बढ़ाने की योजना पर जोर दिया।

### सहयोग और आभार

धीरेज कुमार ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रमुख योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, जिनमें डंगल टीवी के मनीष सिंघल और निर्माता रमेश तौरानी का उल्लेखनीय सहयोग शामिल था। डॉ. धर्मेंद्र कुमार और धीरेज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और भगवान शिव के आशीर्वाद से मानवता की सेवा जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# गोबिन्द नगर मे लगने वाले मंगल बाजार को नगर निगम ने कराया बंद

**कानपुर।** गोबिन्द नगर क्षेत्र में बाजार की साप्ताहिक बंदी के दिन लगने वाले फुटपाथिये मंगल बाजार को नगर निगम ने मंगलवार को लगने नही दिया। नगर निगम अफसर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ पूरे रोड पर सुबह से शाम तक निगाहबानी करते रहे। विदित हो कि मंगलवार को गोबिन्द नगर बाजार की साप्ताहिक बंदी होती है।इसी दिन काफी समय से फुटपाथ व सडक किनारे थाने वाली सडक पर फुटपाथिया बाजार लग रहा था।जिसे लोग मंगल बाजार भी कहते है।मंगल बाजार के कारण उक्त सडक पर पूरे दिन जाम की स्थिति रहती थी।वाहनों से निकलना दूभर था।केवल पैदल चलने भर की जगह रहती थी।मंगल बाजार लगाने वाले व्यापारी क्षेत्र के न होकर अन्य जगहों से आते थे। इन फुटपाथिये दुकानदारों मे ज्यादातर एक वर्ग विशेष के होतें थे।कई अपराधिक घटनाएं



इन दुकानदारों की वजह से होने के कारण भी क्षेत्रीय नागरिकों मे नाराजगी थी।इन्हीं सब बातों को लेकर गोबिन्द नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य, हरप्रीत सिंह स्वीटी व नरेन्द्र ग्रोवर ने विधायक महेश त्रिवेदी, भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, सहित नगर निगम एवं पुलिस अफसरों से मंगल बाजार को बंद कराने को लेकर मांगपत्र सौपे।अफसरों ने व्यापारियो को आश्वस्त किया था कि इस पर रोक लगाएंगे।नगर निगम जोन -5 के अफसर पिछले तीन दिनो से क्षेत्र में हैंडसेट लाउडस्पीकर से मंगल बाजार न लगाने के लिए एलांउस कर रहे थे।अभी शनिवार को जोन नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने नटराज टाकीज के पास लगे फुटपाथिये दुकानदारों के अस्थाई निर्माण को भी बैक हो लोडर से ध्वस्त कर दिया था।मंगलवार को नगर निगम के अफसर प्रमोद मौर्या, शमशेर बहादुर सिंह नगर निगम फोर्स के साथ सुबह से ही बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त करते रहे।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ फुटपाथ पर बाजार लगाने पर सामान जब्त करने की चेतावनी भी नगर निगम के अफसर दे रहे थे। कुछ जगह पर फुटपाथिये दुकानदारों ने सामान फुटपाथ पर उतारकर रखा ही था कि नगर निगम के अफसरों ने जानकारी मिलते ही वंहा पहुचकर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य,सरदार हरप्रीत सिंह स्वीटी के साथ सामान वापस ठिलिया मे लदवाकर वापस कर दिया।मंगल बाजार न लगने के कारण सडक मंगलवार को खाली खाली सी दिख रही थी। स्थानीय लोग खुश नजर आए। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य ने कहा कि पार्षद नवीन पंडित के विशेष प्रयासों से बाजार पर रोक लग सकी है।अब मंगल बाजार कतई नही लगने दिया जाएगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# विधायक हारुण खान के शुभहस्ते डी एफ एस डेव्हलपर के कार्यालय का उदघाटन संपन्न

## विधायक हारुण खान और वरिष्ठ काँग्रेसी नेता कय्युम तांबोली और कई दिग्गजो का किया फजल सौदागर ने शाल और बुके देकर सत्कार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सांताक्रुज इलाके के लोकप्रिय समाजसेवक एंव डि एफ एस डेव्हलपर के डायरेक्टर फजल सौदागर के नए कार्यालय का उदघाटन वसोर्वा विधानसभा के नवनियुक्त लोकप्रिय विधायक हारुण खान जी के शुभहस्ते वरिष्ठ काँग्रेसी नेता मुंबई काँग्रेस कमिटी मायनॉरीटी के सिनियर उपाध्यक्ष कय्युम तांबोली जी के मौजुदगी में और कई दिग्गज पदाधिकारी कार्यकता एंव गणमान्य समाजसेवको के मौजुदगी में डि एफ एस डेव्हलपर के नए कार्यालय का शुक्रवार तारीख 17 जनवरी 2025 को फस्ट फ्लोअर क्रिस्टल अपोझिट इनफिनिटी मॉल लिंक रोड लोखंडवाला अंधेरी वेस्ट मे बाद नमाज ए मगरिब के बाद कार्यालय का उदघाटन लोकप्रिय विधायक हारुण खान जी के शुभहस्ते किया गया। सबसे पहेले डि एफ एस डेव्हलपर के कार्यालय मे कुराणखानी करके मुफ्ती शोएब साहब ने दुवाँए कि उसके बाद मदरसे के बच्चो को नानखटाई बाटी गई। उसके बाद उन्हे खाना खिलाया गया। उदघाटन के बाद डि एफ एस डेव्हलपर बिल्डर फजल सौदागर ने लोकप्रिय विधायक हारुण खान जी का शाल और बुके देकर सत्कार किया। उसके बाद मुंबई काँग्रेस कमिटी मॉयनॉरीटी के सिनियर उपाध्यक्ष वरिष्ठ काँग्रेसी नेता कय्युम तांबोली जी का भी डि एफ एस बिल्डर फजल सौदागर ने शाल और बुके देकर सत्कार किया। इस वक्त कार्यालय के उदघाटन के कार्यक्रम मे आनेवाले सभी मेहमानो का डि एफ एस बिल्डर फजल सौदागर ने स्वागत किया। इस वक्त मौजुदगी मे विधायक हारुण खान, वरिष्ठ काँग्रेसी नेता कय्युम तांबोली, महाराष्ट्र काँग्रेस कमिटी मॉयनॉरीटी के सचिव और मुंबई मॉयनॉरीटी काँग्रेस के महासचिव एडिटर जफरसिद्दीकी, मुंबई काँग्रेस कमिटी मॉयनॉरीटी के महासचिव उसमान खान उर्फ लाला भाई, मुंबई नल युनियन के लोकप्रिय अध्यक्ष समाजसेवक गुलफाम खान, समाजसेवक आबिद खान, पॅरामाउण्ट सोसायटी के सचिव अनिस सौदागर, समाजसेवक जुबेर सौदागर, इकबाल सौदागर, आरीफ सईद, आसिफ शेख, अश्पाक खान, वसिम मुकादम, फारुक भाई, अल्ताफ शेख, उबेद खान, और कई गणमान्य लोगो कि मौजुदगी थी।



# बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व एक अपराध कर्मी को पुलिस ने दबोचा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**समस्तीपुर।** रोसड़ा अनुमंडल के डीएसपी सोनल कुमारी ने अपने सभा कक्ष में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उन्होंने मीडिया कर्मियों को बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रोसड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बैधनाथपुर में कुछ अपराधकर्मियो के द्वारा बड़ा घटना कारित करने का योजना बनाया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष, रोसड़ा थाना दलबल व डीआईयू टीम समस्तीपुर के साथ ग्राम वैधनाथपुर पहुँचकर विधिवत घेराबंदी किया गया। इधर पुलिस बल को देखकर वहाँ उपस्थित अपराधकर्मी पुलिस बल के उपर गोली फायर करते हुए भागने लगे। जिस पर पुलिस बल के द्वारा आमजनो व भीड़भाड़ को देखते हुए उक्त अपराधकर्मियो का पीछा किया गया तथा खदेड़कर एक अपराधकर्मी अरविंद सहनी पिता तरूण सहनी ग्राम हरिपुरघाट थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को पकड़कर घेरे में लिया गया। इनके पास से आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ भी बरामद हुआ है। अन्य अपराधकर्मी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये। उक्त पकड़ाये अपराधकर्मी से पुछताछ करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि सभी पुलिस कर्मी सुरक्षित है तथा किसी भी अपराधकर्मी को गोली लगने की पुष्टि नही हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मी अरविंद सहनी पिता तरूण सहनी ग्राम हरिपुरघाट थाना खानपुर जिला समस्तीपुर निवासी का नाम शामिल है।



# अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजे सरकार, सैफ अली खान पर हमले के बाद मिलिंद देवड़ा ने सीएम को लिखा पत्र

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमलावर को पकड़ने के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि आरोपी बांग्लादेशी नागरिक है। इस बात के सामने आते ही राज्य की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए है। इस मुद्दे पर शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने महाराष्ट्र सरकार से राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को जल्द से जल्द वापस भेजने का आग्रह किया है, ताकि मुंबई को सुरक्षित बनाया जा सके। देवड़ा ने कहा, मैंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है और आग्रह किया है कि जहां भी कोई बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहा है, उसे जल्द से जल्द वापस भेजा जाना चाहिए। सैफ अली खान के घर पर हुई घटना बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मुंबई को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए राज्य भर में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की जांच की आवश्यकता है। इससे पहले, राज्यसभा सांसद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी पत्र पोस्ट किया था, जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से राज्य भर में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की गहन ऑडिट करने का आग्रह किया गया था, जिसमें कहा गया था कि महाराष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा सबसे पहले आनी चाहिए।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महायुति में महा'तकरार'

महायुति की नई सरकार में सम्मान न मिलने से से शिंदे गुट के नेता नाराज हैं। इस वजह से महायुति में रार शुरू हो गई है। ताजा मामला पालक मंत्रियों का है। शिवसेना शिंदे गुट के मंत्री नासिक व रायगढ़ का पालक मंत्री पद न मिलने से नाराज हैं। शिंदे की नाराजगी के चलते मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने फलिहाल रायगढ़ और नासिक जिले के पालक मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि एकनाथ शिंदे शिवसेना नेता संजय शिरसाट को सिडको चेयरमैन पद से और भरत गोगावले को एसटी कॉर्पोरेशन चेयरमैन पद से मुक्त करने और एसटी बसों की खरीद का टेंडर रद्द करने से भी नाराज हैं। भरत गोगावले को रायगढ़ और मंत्री दादा भुसे को भी नासिकक को पालक मंत्री का पद नहीं मिला। इस वजह से भी महायुति में कलह है। मंगलवार की शाम काफी संख्या में गोगावले समर्थक डिप्टी सीएम शिंदे से मिलने के लिए उनके बंगले पर पहुंचे। इन समर्थकों ने भरत गोगावले को रायगढ़ का पालक मंत्री नियुक्त करने की मांग की है। ऐसे में यह मुद्दा शिंदे गुट के स्वाभिमान का बन गया है।

### जेल जाने से बचे छगन भुजबल

हालांकि, जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली भुजबल की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को 2018 में जमानत पर रिहा किया गया था और वर्तमान चरण में उनकी गिरफ्तारी की अवैधता के सवाल पर विचार करना जरूरी नहीं है। अदालत ने आगे कहा कि जमानत देने के लिए लगाए गए आदेश वर्ष 2018 में ही पारित किए जा चुके हैं। इसलिए संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत इस स्तर पर हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। इसके लिए एसएलपी खारिज की जाती है। उल्लेखनीय है कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने 4 मई, 2018 को धन शोधन मामले में भुजबल को जमानत दे दी थी। भुजबल को तब गिरफ्तार किया गया जब ईडी की जांच में पता चला कि, उन्होंने और उनके सहयोगियों ने कथित तौर पर अपने पद का दुरुपयोग किया और सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाया है। बता दें कि छगन भुजबल ओबीसी समुदाय से आते है। इस वजह से उनका सरकार में शामिल न होना ओबीसी समुदाय के लिए भी एक बड़ा झटका था, जिसके बाद से छगन भुजबल ने भी हर जगह जाकर अपना विरोध प्रदर्शन अभी भी जारी रखा है। हालांकि, अजित पवार की एनसीपी और ना ही महायुति गठबंधन की ओर से इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### महाराष्ट्र में 25 जनवरी को कांग्रेस का महा-प्रदर्शन

इस दौरान कांग्रेस मानना है कि चुनाव के नतीजों में वोटों की हेराफेरी की गई। साथ ही कहा कि ये लोकतंत्र को कमजोर बनाया जा रहा है। नाना पटोले ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, हाल के चुनावों में आयोग के आचरण ने संस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा किया है। भाजपा और उसके सहयोगियों ने (महाराष्ट्र विधानसभा) चुनाव ईमानदारी से नहीं, बल्कि छल और धोखाधड़ी से जीते हैं। इसलिए, हमारी पार्टी ने पूरे राज्य में दिन भर विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। नाना पटोले ने बताया कि दिल्ली से कुछ कांग्रेस नेता 25 जनवरी को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और मीडिया से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव के 6 महीने के अंदर-अंदर मतदाताओं की संख्या में 50 लाख की वृद्धि कैसे हुई और मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद 76 लाख वोट अचानक कैसे जुड़ गए? ट्रान्सपरेंसी की मांग के बावजूद, चुनाव आयोग ने कोई डेटा उपलब्ध नहीं कराया। अब, आम आदमी के साथ मतदान का विवरण साझा करने पर रोक लगाने के लिए लोकसभा में एक विधेयक पारित किया गया है। आपको जानकारी दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को करारा झटका लगा, जिसमें उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीतीं, कांग्रेस ने 16 सीटें हासिल कीं, और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) को सिर्फ.10 सीटें मिलीं।

### होंठों पर स्माइल, आंखों पर चश्मा

हालांकि, मीडिया और पैपराजी की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने उनके घर के आसपास बैरिकेडिंग भी कर दी थी। लेकिन हॉस्पिटल से निकलते वक्त उन्हें मुस्कुराते हुए देखा गया था। साथ ही घर पहुंचकर गेट पर सैफ अली खान ने पैपराजी और मीडिया को नमस्ते किया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बता दें, सैफ अली खान के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अभिनेता के घर के फ्लोर डक्ट को जाली पूरा पैक कर दिया गया है। वहीं सैफ को ठीक होने में करीब में एक महीना लगेगा। सैफ अली के डॉक्टरों की टीम ने बताया है कि उनके पीठ में जो आरोपी ने चाकू अटैक किया था, तो उस चाकू का आधा हिस्सा टूट गया था। जिससे उस एरिया की कॉस्मेटिक सर्जरी हुई है जिसे हील होने में लगभग 1 महीना लग जाएगा। लेकिन तब तक सैफ को ना ज्यादा वजन उठाना है और ना जिम करना है। साथ ही डॉक्टरों ने शूटिंग के लिए भी उन्हें मना किया है और पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी है। इसके अलावा उन्हें जनरल सर्जरी फिजिशियन को भी वक्त-वक्त पर अपना जख्म कितना भरा वो दिखाना होगा।


## खबर संक्षेप

### बुलंदशहर में गैस लीक होने से 2 की मौत



**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर स्थित सिकंदराबाद की बीएटीएक्स एनर्जीज कंपनी में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां गैस रिसाव होने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई है, वहीं तीसरे को बेहोशी में अस्पताल पहुंचाया गया। सपुलिस बल के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे। परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### अब तेंदुओं की रेडियो कॉलर से होगी निगरानी



**अहमदाबाद।** दक्षिण गुजरात में तेंदुए के हमलों की घटनाओं में लगातार वृद्धि के मद्देनजर राज्य के वन विभाग ने एक तेंदुए के जर्मन इंजीनियर्ड रेडियो कॉलर लगाकर उन्नत तकनीक का उपयोग करने संबंधी एक पायलट परियोजना शुरू की है। यह विभाग को हर आधे घंटे में तेंदुए की लोकेशन भेजेगा। विभाग ग्रामीणों को तुरंत सूचित करेगा।

### ताहिर को जमानत क्यों नहीं देनी चाहिए?



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस से पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर जवाब देने को कहा। ताहिर ने चुनाव प्रचार करने अंतरिम जमानत की मांग की है। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा जमानत क्यों नही देनी चाहिए?

### प्रतापगढ़ी के खिलाफ एफआईआर पर रोक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को अंतरिम राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ गुजरात के जामनगर में दर्ज एफआईआर में किसी कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इमरान पर सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ाने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर केस हुआ था। गुजरात हाई कोर्ट ने निरस्त करने से मना कर दिया था।

## भाजपा ने 'संकल्प पत्र' भाग-2 जारी किया, लोगों से किए कई वादे

भाजपा का युवाओं पर रहा विशेष फोकस

# केजी से स्नातकोत्तर तक दी जाएगी मुफ्त शिक्षा, ड्राइवरों के लिए 'बोर्ड'

### स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि समस्याएं भी हल करेंगे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 'संकल्प पत्र' को जारी किया। भाजपा 3 चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। मंगलवार को दूसरा भाग जारी किया गया है। इसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है। भाजपा सांसद अनुराग ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपए की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। दो बार की यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी होगी। दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

यह मोदी की गारंटी है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आपके सामने पहले अपनी बात रखी थी।



#### दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देंगे

*अनुराग ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है। डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है।*

#### भाजपा के संकल्प पत्र पार्ट-2 की घोषणाएं

- ❑ जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा
- ❑ एससी छात्रों को हर महीने एक हजार रुपए की मदद
- ❑ ऑटो-टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड
- ❑ युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार की मदद
- ❑ दो बार के यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का भी वादा

#### पीएम मोदी 29 को दो जनसभाओं को करेंगे संबोधित

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 और 31 जनवरी को एक-एक रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी की पहली जनसभा 29 जनवरी को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के 4 पुस्ता, करतार नगर के पास यमुना खादर क्षेत्र में आयोजित होगी। प दूसरी रैली 31 जनवरी को द्वारका में सेक्टर-14 के पास स्थित वेगास मॉल के निकट आयोजित की जाएगी। दिल्ली की राजनीति में भाजपा अपनी खोई जमीन दोबारा हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इन जनसभाओं में पीएम मोदी की मौजूदगी पार्टी के लिए अहम हो सकती है।



#### दुबे और तिवारी पर नहीं चलेगा केस

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें भाजपा सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ एफआईआर को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें भाजपा सांसदों दुबे और तिवारी के खिलाफ मामला खारिज कर दिया गया था। इन सांसदों पर आरोप है कि उन्होंने राज्य के देवघर स्थित हवाई यातायात नियंत्रण कार्यालय में जबरन प्रवेश किया और कर्मचारियों पर अपने चार्टर्ड विमान को उड़ान भरने की मंजूरी देने का दबाव बनाया।



#### भाजपा आपकी जमीन अडाणी अंबानी को दे देगी

भाजपा और आपके बीच जमकर जुबानी जंग चल रही है। इस बीच आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने बड़ा बयान दिया है। केजरीवाल ने भाजपा पर भविष्य में झुग्गीवालों की जमीनों को बेचने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने विश्वास नगर में कहा कि भाजपा वालों को झुग्गीवासियों से बड़ा प्यार आ रहा है। मैं झुग्गीवालों को चेतावनी देना चाहता हूं आपने गलत बटन दबाया तो भाजपा वाले आएंगे, आपकी जमीनों को अडाणी-अंबानी को दे देंगे।



#### आतिशी का चुनाव आयोग को पत्र

##### बिधूड़ी के भतीजे पर वीडियो बनाने की शिकायत की

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव अधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में आतिशी ने रमेश बिधूड़ी के भतीजे को लिया है। उन्होंने रमेशके भतीजे और कालकाजी विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वे आप के कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं। आतिशी का दावा है कि इस घटना के एक हिस्से का आप कार्यकर्ताओं की ओर से वीडियो बनाया गया है।



## नए रूपरंग में पेश होगा प्रधानंत्री इंटर्नशिप योजना
### कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय दे रहा है आकार

# युवाओं को रोजगार देने की पीएम मोदी की योजना हिट हुई तो नए सिरे से लांच

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश के हुनरमंद युवा 'स्किल्ड यूथ' के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आमूलचूल परिवर्तन होने वाला है। युवाओं में योजना को लेकर विशेष उत्साह को देखते हुए देश, विदेश की नामचीन कंपनियों को नए सिरे से इस योजना से जोड़ा जा रहा है। युवाओं को पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद इस योजना की रूपरेखा बनाई थी। कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय योजनाओं को नए सांचे में ढाल रहा है। बताया जा रहा जल्द ही योजना का नया प्रारूप प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट समूह के समक्ष पेश किया जाएगा।



#### युवाओं को राहत देने वाली विशेष योजना

अभी हाल ही में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में देखते ही देखते एक लाख से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया था। इससे पहले दो दर्जन से अधिक अलग अलग सेक्टर्स में 88 हजार युवा इंटर्नशिप के बाद अपने कैरियर को संवार रहे हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना दो विशिष्ट लक्ष्यों के साथ शुरू की गई युवाओं को नौकरी पर प्रशिक्षण प्रदान करना और साथ ही बेरोजगार युवाओं को स्टाइपेंड के माध्यम से एक बुनियादी वित्तीय राहत दिलाने में मदद करना। ये सीधे वोट के लिए युवाओं को हर महीने रकम देने से अलग योजना है।

#### नामचीन कंपनियों में मची होड

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अगले 5 सालों में देश की शीर्ष 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को 12 महीने की इंटर्नशिप के अवसर देगी। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि जुबिलेंट फूडवर्क्स, आयशर मोटर लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, बजाज फाइनेंस और मुथूट फाइनेंस उन कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने अब तक इंटर्नशिप की पेशकश की है। कार्यक्रम 21-24 वर्ष की आयु के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक व्यावसायिक वातावरण से परिचित होने का अवसर प्रदान करता है, जिससे उन्हें कौशल के साथ ही कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलती है।

#### शुरूआत में ऐसे मिलेगा स्टाइपेंड

इंटर्नशिप की पेशकश किए जाने के बाद, उम्मीदवारों को सीधे सरकार से 4500 रुपये और शेष राशि कंपनी से प्राप्त होगी। इसके अलावा, उम्मीदवारों को किसी भी आकस्मिक व्यय में मदद करने के लिए सरकार की ओर से कार्यभार संभालने के समय 6000 रुपये की राशि भी हस्तांतरित की जाएगी।

#### इंटर्नशिप योजना के पात्रता

- कोई भी भारतीय नागरिक जिनकी आयु इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि तक 21 से 24 वर्ष के बीच है वे शिरकत कर सकते हैं।
- इंटर्नशिप के समय आपके पास पूर्णकालिक रोजगार नहीं होना चाहिए।
- किसी फुल टाइम डिग्री या अन्य कोर्स की शिक्षा ले रहे छात्र इसके लिए पात्र नहीं है हालांकि डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन कोर्स करने वाले युवा इसमें आवेदन कर सकते हैं।

## द्वारका में बुलडोजर एक्शन

# अवैध मजहबी 36 ढांचों को तोड़कर कर दिया नेस्तनाबूद

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

गुजरात के द्वारका जिले में सरकार ने एक बार फिर बड़ा बुलडोजर एक्शन चलाया है। द्वारका के 7 आईलैंड्स में अवैध रूप से बनाए गए ढांचों को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त किया गया है। सरकार ने कुल 36 ढांचों को ध्वस्त कर दिया है, जिसमें अवैध रूप से बनाए गए मजहबी ढांचे भी शामिल हैं। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने मंगलवार को इस बुलडोजर एक्शन के पहले और बाद के वीडियो शेयर करते हुए कहा कि देवभूमि द्वारका के द्वीपों को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है।



उन्होंने एक्स पर लिखा, द्वारका जिले के 7 आईलैंड्स अब 100 फीसदी अतिक्रमण मुक्त हैं। कुल 36 अवैध ढांचों को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। संस्कृति और विरासत की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रशासन और उनकी टीम को बधाई। अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से दर्जनों इमारतों में अवैध गतिविधियों को भी संचालित करने की आशंका थी।


## जी 20 की अध्यक्षता, शिखर सम्मेलन के बारे में कांत ने लिखी बुक

# बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पीएम मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन 2023 के बारे में पुस्तक लिखने के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के भारत के प्रयासों पर स्पष्ट दृष्टिकोण दिया है। जीं 20 के शेरपा और कांत ने पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20' भेंट की। कांत ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा कर यह जानकारी दी।

#### पीएम मोदी को पुस्तक भेंट की, प्रधानमंत्री ने सराहा




##### जी20 शेरपा थे अमिताभ कांत

*कांत ने एक्स पर पोस्ट किया, पीएम मोदी को अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20' भेंट करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह उनकी प्रगतिशील दृष्टि, वैश्विक कद और समावेशी नेतृत्व शैली थी जिसने भारत के कूटनीतिक इतिहास के सबसे परिवर्तनकारी अध्यायों में से एक के लिए एजेंडा और दृष्टिकोण दोनों निर्धारित किए। जी20 इंडिया टीम में उनके स्पष्ट विश्वास ने हमें असंभव प्रतीत होने वाली वार्ताओं के माध्यम से साहसी बनने और जोखिम उठाने में सक्षम बनाया। मैंने उनके जी 20 शेरपा के रूप में उनके विश्वास और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया।*

##### पीएम मोदी ने लिखा- आपका प्रयास सराहनीय

*पीएम मोदी ने अमिताभ कांत की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि भारत की जी20 अध्यक्षता और 2023 में शिखर सम्मेलन के बारे में लिखने का आपका प्रयास सराहनीय है, जो एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के हमारे प्रयासों पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण देता है।*

#### 9-10 सितंबर 2023 को दिल्ली में हुआ था आयोजन

जी20 का 18वां शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन की शानदार सफलता सुनिश्चित करने वाले पर्दे के पीछे के प्रयासों का खुलासा अब शेरपा अमिताभ कांत की नई पुस्तक, 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20: द इनसाइड स्टोरी ऑफ द जी20 प्रेसिडेंसी' में किया गया है। कांत ने पुस्तक के माध्यम से बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राथमिक रणनीतिकार थे। उन्होंने पुस्तक में 9 सितंबर को पीएम मोदी के साथ हुई महत्वपूर्ण बातचीत का वर्णन किया है।

## बुलंदशहर में फैक्टरी में गैस लीक होने से बड़ा हादसा

# दो की मौत, एक गंभीर हालत में भर्ती

मुंबई हलचल / बुलंदशहर

यहां स्थित सिकंदराबाद की बीएटीएक्स एनर्जीज कंपनी में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां गैस रिसाव होने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई है, वहीं तीसरे को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पुलिस बल के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे। वहीं मर्तक के परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।



#### अधिक मात्रा में गैस का रिसाव

जानकारी के अनुसार फैक्टरी में ट्रायल चल रहा था। बॉयलर में गैस सिलेंडर लगाने के दौरान अधिक मात्रा में गैस का रिसाव होने के कारण गुलावठी क्षेत्र के गांव बसाईच निवासी सत्येंद्र 21 वर्ष पुत्र गजेंद्र, संभल मुरादाबाद निवासी अंशुल चौहान व गिरीश बेहोश हो गए। जिन्हें उपचार के लिए नोएडा के कैलाश से फॉर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

#### परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

वहीं गिरीश का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंचे सत्येंद्र के परिजनों ने शव को फैक्टरी पर लाने और प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर गेट के बाहर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर शांत किया। सीओ पूर्णिमा सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## स्थानीय लोगों को मिलेगा

# रांची में जल्द बनेगा ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर

मुंबई हलचल / रांची

झारखंड में जल्द ही ट्राइबल और माइनिंग टूरिज्म शुरू होगा। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने इस संबंध में निर्देश देते हुए अधिकारियों से विस्तृत कार्ययोजना बनाने को कहा है। उन्होंने नेपाल हाउस में कहा कि ट्राइबल टूरिज्म में आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन और खान-पान से पर्यटकों को रूबरू कराया जाएगा। पहला ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर तमाड़ के अड़की से उलिहातु के बीच विकसित किया जाएगा। ताकि, भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को भी पर्यटक देख सकें।

राज्य में सीसीएल, बीसीसीएल की कई कोयला खदानें हैं। माइंस टूरिज्म विकसित करने के पीछे सरकार का उद्देश्य लोगों को खनन में हो रहे कामों से अवगत कराना है। पर्यटन से स्थानीय झारखंडियों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।



#### छह डैमों के आसपास पर्यटक

राज्य के छह डैम मसानजोर, चांडिल, तेनुघाट, तिलैया, गेतलसूद और पतरातू डैम के आसपास पर्यटकों को हर तरह की जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी। पर्यटन विभाग इसके लिए कार्ययोजना बना रहा है।

#### ग्लास टावर भी बनेंगे

मंत्री के अनुसार दशम, जोन्हा, नेतरहाट स्थित मैगनोलिया प्वाइंट, नेतरहाट के कोयल व्यू पॉइंट, पतरातू वैली के सेल्फी प्वाइंट पर ग्लास ब्रिज बनाए जाएंगे। कोयल व्यू प्वाइंट में ग्लास टावर बनेगा।

## करदाता धारा 80 सी के अलावा 80 डी का लाभ उठाए

# कर बचत के लिए 'इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम' एक बेहतर विकल्प : कर विशेषज्ञ

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

करदाता मार्च का महीना करीब आते ही अक्सर कर बचाने वाले विभिन्न विकल्पों की तलाश में जुट जाते हैं, लेकिन विभिन्न विकल्पों के साथ यह जानना भी जरूरी है कि कर बचत की कौन सी योजना रिटर्न और जरूरत पड़ने पर तुरंत नकदी उपलब्ध कराने के मामले में बेहतर है।

- धारा 80सीसीडी के तहत एनपीएस का भी लाभ उठाना चाहिए

कर विशेषज्ञों का कहना है कि आयकर कानून की धारा 80सी के तहत शामिल किए गए कर बचत वाले विकल्पों में से 'इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम' (ईएलएसएस) कहीं बेहतर विकल्प है। कर विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कर बोझ कम करने के लिए व्यक्ति को धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की बचत करने के अलावा 80 डी (स्वास्थ्य बीमा) और धारा 80सीसीडी के तहत एनपीएस का भी लाभ उठाना चाहिए।

**खास बातें**

- एनपीएस में 50,000 रुपए के अतिरिक्त कर छूट का दावा कर सकते हैं
- एनपीएस, ईएलएसएस, एनएससी एवं जीवन बीमा पॉलिसी अच्छे विकल्प



### एनपीएस में अतिरिक्त कर छूट का दावा किया जा सकता है

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में 50,000 रुपये के योगदान पर अतिरिक्त कर छूट का दावा किया जा सकता है। एनपीएस, ईएलएसएस, राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) एवं जीवन बीमा पॉलिसी (एलआईसी) जैसी विभिन्न कर बचत योजनाओं में से बेहतर विकल्प के बारे में पूछे जाने पर आनंद राठी वेल्थ लि. के उपाध्यक्ष चिंतक शाह ने कहा, "अगर आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कर लाभ का दावा करने की बात आती है, तो मेरी पसंद इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) है।"

### ईएलएसएस की लॉक इन अवधि तीन साल

शाह ने कहा, "इसके दो प्रमुख कारण हैं...पहला, ईएलएसएस निवेश सीधे शेयर बाजारों से जुड़ा होता है और इसने ऐतिहासिक रूप से सालाना लगभग 11 से 12 प्रतिशत का दीर्घकालिक रिटर्न दिया है। दूसरा, ईएलएसएस के तहत 'लॉक इन अवधि' केवल तीन साल की है। यानी तीन साल बाद आप अपनी राशि निकाल सकते हैं।'

### ईएलएसएस एक आकर्षक विकल्प

शाह ने कहा, "यह सुविधा निवेशकों को उपभोग जरूरतों के लिए अपनी निवेश राशि को निकालने या धारा 80सी के तहत लाभ उठाने के लिए एक नए ईएलएसएस में फिर से निवेश करने की अनुमति देती है। इस प्रकार, धन सृजन और कर दक्षता की क्षमता का यह मेल ईएलएसएस को एक आकर्षक विकल्प बनाता है।"

### ईएलएसएस पर रिटर्न निश्चित नहीं

इस बारे में परामर्श कंपनी टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी में साझेदार विवेक जालान ने कहा, "निवेश विकल्प का चुनाव व्यक्ति के जोखिम लेने की क्षमता, जरूरत और लक्ष्य पर निर्भर करता है। जहां एनएससी, पीपीएफ जैसे उत्पादों पर ब्याज निश्चित होता है और इसकी घोषणा सरकार हर तीन महीने पर करती है, वहीं ईएलएसएस जैसे उत्पाद पर रिटर्न निश्चित नहीं है और उनका प्रदर्शन बाजार की स्थिति पर निर्भर करता है।"

### पीपीएफ की लॉक इन अवधि 15 साल

उल्लेखनीय है कि 80सी के तहत आने वाले निवेश एवं बचत उत्पादों में ईएलएसएस, पीपीएफ (सार्वजनिक भविष्य निधि), सुकन्या समृद्धि योजना, एनएससी, जीवन बीमा आदि शामिल हैं। वहीं एनपीएस धारा 80सीसीडी के तहत आता है। पीपीएफ की 'लॉक इन अवधि '15 साल है, जबकि एनएससी का 'लॉक इन' समय पांच साल है।

# 2 महीने की दुल्हन ममता ने पूरे परिवार का किया पिंडदान, वजह जानकर हो जाएंगे हैरान



**प्रयागराज।** महाकुंभ में कई लोगों ने दुनिया को मोह-माया छोड़ संन्यास लेने का निर्णय लिया है। इन्हीं में से एक दिल्ली की ममता भी हैं। दो महीने पहले गृहस्थ जीवन शुरू करने वाली ममता वशिष्ठ ने महाकुंभ में खुद का पिंडदान कर संन्यास का मार्ग अपना लिया। किन्नर अखाड़े ने उन्हें महामंडलेश्वर की जिम्मेदारी सौंपी है, और इसके लिए विधिवत उनका पट्टाभिषेक किया गया। ममता ने दो महीने पहले दिल्ली के संदीप वशिष्ठ से विवाह किया था, लेकिन अब उन्होंने सांसारिक जीवन त्याग कर संन्यास की राह चुन ली है। उनका कहना है कि वह सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना चाहती हैं और मानव कल्याण के लिए काम करेंगी। संन्यास धारण करने से पहले उन्होंने महाकुंभ में अपने और अपने परिवार का पिंडदान किया। महाकुंभ में किन्नर अखाड़े के शिविर में ममता ने पिंडदान की विधि पूरी की। इसके बाद किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उन्हें अखाड़े का महामंडलेश्वर घोषित किया। ममता ने कहा कि उनका हमेशा से सनातन धर्म में मन लगता था। उनके इस निर्णय में उनके पति और सास ने भी पूरा सहयोग दिया। डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने बताया कि ममता की संन्यास में रुचि को देखते हुए उन्हें दीक्षा दी गई और महामंडलेश्वर बनाया गया। इस बार महाकुंभ में किन्नर और महिला संतों के लिए पिंडदान के बाद मुंडन अनिवार्य नहीं किया गया है। ममता अब संन्यास के मार्ग पर चलकर धर्म और मानवता की सेवा करेंगी।



# रातों-रात पिंपल्स से मिलेगा छुटकारा, लगाएं ये चीजें

बदलते लाइफस्टाइल और खान-पान की आदतों के कारण चेहरे से जुड़ी प्रॉब्लम होना आम है। पिंपल्स की समस्या बहुत से लोगों होती है। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग कई क्रीम्स और ट्रीटमेंट को सहारा लेते है, लेकिन पिंपल्स है कि हटने का नाम ही नही लेते है। अगर किसी पार्टी या फंक्शन में जाना हो तो चेहरे पर मौजूद पिंपल्स सारे अरमानों पर पानी फेर देता है। अगर आप भी अपने पिंपल्स से 1 ही रात में छुटकारा पाना चाहते है तो इन घरेलू तरीकों को अपनाएं।

**सफेद टूथपेस्ट**
पिंपल्स पर 1 घंटे के लिए टूथपेस्ट लगाकर छोड़ दें। ध्यान रखें कि टूथपेस्ट जेलयुक्त हो। इसके इस्तेमाल से पिंपल्स रातों-रात दूर हो जाएगा।

**स्टीम उपचार**
स्टीम लेने से चेहरे की गंदगी निकल जाती है और पिंपल्स की समस्या कम हो जाती है। इसलिए समय-समय पर अपने चेहरे को स्टीम दें।

**लहसुन लगाएं**
लहसुन छीलकर उसे अपने पिंपल्स पर लगाएं और 5 से 7 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से धोएं।

**सिरका**
चेहरे को धोने के बाद सेब युक्त सिरका में पानी मिलाकर फेसवॉश बनाकर चेहरे पर लगाएं। पेस्ट को दस मिनट तक चेहरे पर लगाए रखे और बाद में चेहरा धो लें।

**अंडे का सफेद भाग**
अंडे को सपेद भाग उंगुली की मदद से पिंपल्स पर लगाएं। सूखने के बाद तुरंत धो दें। ऐसा दिन में चार बार करें।

**टमाटर**
ताजे टमाटर के जूस को अपने चेहरे पर मास्क की तरह इस्तेमाल करें। उसके बाद एक घंटे बाद चेहरे को धो दें।

**संतरे के छिलके**
चेहरे को गर्म पानी से धोएं। इसके बाद संतरे के छिलके को पिंपल्स पर लगाएं और रगड़ें। इससे पिंपल्स दूर होंगे और चेहरे को रोम छिद्र खुलेंगे।

# अंदरूनी चोट के दर्द को राई से करें दूर



आजकल हर किसी की लाइफस्टाइल बहुत व्यस्त हो गई है। हर कोई चाहता है कि उसका काम जल्दी से निपट जाए लेकिन कई बार हड़बड़ाहट में चोट भी लग जाती है। बाहर से दिखाई देने वाली चोट के जख्म तो जल्दी भर जाते हैं लेकिन कई बार शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भी चोट लग जाती है। जो दिखाई नहीं देती लेकिन दर्द बहुत करती हैं। कई बार तो इस चोट का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है लेकिन घरेलू इलाज से इस परेशानी से छुटकारा पाया जा सकता है। राई खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। दर्द से छुटकारा पाने के लिए राई का इस्तेमाल बेहद लाभकारी है। राई को सरसों के नाम से भी जाना जाता है।

इस तरह करें राई का इस्तेमाल
राई में एंटीऑक्सिडेंट, सेलेनियम और मैग्निश्यम भरपूर मात्रा में होते हैं। चोट लगने पर राई को पानी में भिगोकर इसका पतला पेस्ट तैयार कर लें। इसे चोट वाली जगह पर लेप कर लें। बहुत आराम मिलेगा। इसके अलावा पानी में राई के दाने उबालकर इस पानी में कॉटन का कपड़ा भिगोकर चोट वाली जगह पर थपथपाएं। ऐसा करने से दर्द बहुत कम हो जाएगा। इसके साथ ही खाने में भी राई का इस्तेमाल करें। छौक लगाने,स्वाद,अचार आदि तरीको से राई खा सकते हैं।

घबराहट होने पर लाभकारी है राई
राई के छोटे-छोटे दाने सेहत के लिए बहुत लाभकारी हैं। घबराहट होने पर हाथ की हथेलियों और पैरों के तलवों पर राई को रगड़ें। इससे बहुत आराम मिलता है।

# आपके कान का वैक्स बताएगा आपको है कौन सी बीमारी

कान में बनने वाले वैक्स को सेरुमेन कहा जाता है, जो फैटी एसिड, स्कवालिन और एल्कोहल का बना होता है। इन केमिकल के कारण ही कान में मौजूद वैक्स हमारे कान को बैक्टीरिया और फंगस आदि से होने वाले कई तरह के इन्फेक्शन से बचाते हैं। कान में मौजूद वैक्स कई रंग के होते हैं, जो आपको आपकी सेहत से जुड़ी जानकारी दे सकते हैं। तो आईए जानते हैं वैक्स का कौन सा रंग देता है किस बीमारी का संकेतः-

**- ग्रे कलर**
यह आपके शहरों में मौजूद प्रदूषित धूल की वजह से होता है। इसके लिए घबराने की जरूरत नहीं।

**- खून के धब्बों के साथ**
अगर कान साफ करते समय खून आए, तो इसका मतलब है कि आपके कान के पर्दे में छेद है, जिसकी वजह से आपको ओटाईटिस हो सकती है।

**- भूरा रंग**
यदि आपके कान से डार्क कलर का वैक्स निकल रहा है तो इसका मतलब यह है कि आप बहुत ही ज्यादा शारीरिक तनाव में है। आपको शांत माहौल में समय बिताने की जरूरत है।

**- काला रंग**
काले रंग के वैक्स का मतलब है कि आपको फंगल इन्फेक्शन है। आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

**- सफेद रंग**
इसका मतलब है कि आपके शरीर में विटामिन और मिनरल्स खासकर कॉपर की कमी हो गई है। आपको अपनी डाइट में बीन्स और ओट्स आदि को शामिल करना चाहिए।



**- दुर्गन्ध वाला वैक्स**
वैक्स से दुर्गन्ध आने का मतलब है कि आपके कान के मध्य भाग में इन्फेक्शन हो गया है। इसके लिए आपको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

**- लिक्विड वैक्स**
अगर आपके कान का वैक्स लिक्विड जैसा निकल रहा है तो आपके कान में इन्फ्लामेसन होने की संभावना हो सकती है। आप किसी अच्छे डॉक्टर से इस बारे में मिलें।

**- सूखा वैक्स**
सूखे वैक्स का मतलब होता है कि आपके शरीर में फैट की कमी हो गई है और इस वजह से आपको स्किन से जुडी बीमारियां हो सकती हैं।

# ब्लैकहेड्स से लेकर स्किन टैग तक की समस्याओं को इन तरीकों से करें दूर

चेहरे या शरीर के किसी हिस्से पर मौजूद स्किन टैग, तिल, ब्लैकहेड्स, स्पॉट और मस्से आपकी सुंदरता को बिगाड़ देते है। बढ़ती उम्र के साथ-साथ इनकी गिनती भी बढ़ती जाती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए बहुत सी लड़कियां सर्जरी या मंहगे ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा लेती है लेकिन इसका अच्छा असर दिखने की बजाए कई साइड-इफैक्ट्स नजर आने लगते है। अगर आप इन समस्याओं से परेशान तो हम आपको कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनसे आप इन समस्याओं से छुटकारा पा सकते है।

**-मस्से**
मस्से की समस्यां को दूर करने के लिए एक सोवड बेंडेज पर एप्पल साइडर सिरका लगाकर हफ्ते में 2 बार मस्से पर लगाएं। इसके बाद पिमिस स्टेन की मदद से इसे निकाल दें। 1 हफ्ते में ही आपको मस्से से छुटकारा मिल जाएगा।

**-स्किन टैग्स**
कॉटन की मदद से लगातार दिन में 2 स्किन टैग्स पर एप्पल साइडर सिरका लगाएं। लगातार 10 दिन तक इसे लगाने से स्किन टैग्स झड़ जाएंगे।

**-तिल**
अनचाहें तिल से छुटकारा पाने के लिए दिन में 4 घंटे रोजाना लहसुन पीस कर लगाएं। कुछ दी दिनों में तिल गायब हो जाएंगे।

**-ब्लैकहेड्स**
ब्लैकहेड्स को दूर करने के लिए चेहरे पर स्टीम लेकर 5 मिनट तक शहद लगा लें। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो कर साफ करें। रोजाना 1 हफ्ते तक इसका इस्तेमाल ब्लैकहेड्स को हमेशा के लिए गायब कर देगा।

**-स्पॉट**
ब्लैक स्पॉट के लिए नींबू के रस को चेहरे पर लगाएं। नेचुरल ब्लीच की तरह काम करने वाला नींबू के रस आपको चेहरे के भद्दे स्पॉट से छुटकारा मिल जाएगा।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# उर्मिला मातोंडकर का नेपोटिज्म पर छलका दर्द



बॉलीवुड में रंगीला गर्ल नाम से मशहूर एक्ट्रेस और उर्मिला मातोंडकर ने नेपोटिज्म और रामगोपाल वर्मा संग उनके मतभेद को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उर्मिला मातोंडकर ने बताया कि नेपोटिज्म की वजह से उनका करियर तबाह हो गया। इतना ही नहीं उन्होंने इस इंटरव्यू में यह भी कहा कि रामगोपाल वर्मा के साथ उनका कोई मतभेद नहीं है। उर्मिला मातोंडकर ने भी कहा कि उन्हें हमेशा आइटम गर्ल के तौर पर देखा गया। लोगों को यह बर्दाश्त नहीं हुआ कि मध्यम वर्ग की एक मराठी परिवार की लड़की बॉलीवुड में अपनी पहचान बना रही है। उर्मिला मातोंडकर ने अपने निजी और पेशेवर जिंदगी के बारे में खुलकर बात की। जब उनसे रामगोपाल वर्मा के साथ उनके मतभेद को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि रामगोपाल वर्मा और मेरे बीच कोई मनमुटाव नहीं है। मैंने रामगोपाल वर्मा की कंपनी और आग जैसी फिल्मों में स्पेशल सॉन्ग किया है। इसके अलावा वह रामगोपाल वर्मा की सत्या, कौन और भूत जैसी बेहतरीन फिल्मों में नजर आई हैं। इस दौरान उर्मिला मातोंडकर ने यह भी कहा कि 90 के दशक में मीडिया मेरी एक्टिंग की काबिलियत को छोड़कर मेरे बारे में हर चीज पर फिदा थी। आज लोग खुलकर नेपोटिज्म पर बात करते हैं। पुराने जमाने में भी मेरे आस-पास भी ऐसे कई कलाकार थे, जो फिल्में परिवार से आते थे, उन्हें बढ़ावा मिलता था और हमें नहीं। कई लोगों को तो आज भी ये बर्दाश्त नहीं होता कि मध्यम वर्ग की मराठी परिवार के एक लड़की बॉलीवुड में अपनी पहचान बना रही है। उर्मिला मातोंडकर की मानना है कि आज मीडिया में महिलाओं के प्रति गहरी समझ और अलग तरह का नजरिया दिखाई देता है। जो इंडस्ट्री में स्ट्रगल कर रही नई लड़कियों के लिए काफी अच्छा है।

# अक्षय खन्ना का फिल्म 'छावा' में दमदार लुक




**विक्की कौशल** और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बढ़ गया है, खासकर नए पोस्टर्स और किरदारों के लुक्स के सामने आने के बाद उत्साह दोगुना हो गया है। इस फिल्म में विक्की कौशल, अक्षय खन्ना और रश्मिका मंदाना जैसे बेहतरीन कलाकार अपने अभिनय से इतिहास को फिर से जीवित करने वाले हैं। फिल्म का केंद्र बिंदु मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज की पौराणिक गाथा है, और यह फिल्म उनके शासनकाल की महानता और साहसिक फैसलों को उजागर करती है। विक्की कौशल के शानदार अभिनय को लेकर दर्शकों में भारी उम्मीदें हैं, क्योंकि वे इस किरदार में बेहद दमदार और प्रभावशाली दिखने वाले हैं। उनके साथ रश्मिका मंदाना का महारानी येसुबाई के रूप में लुक पहले ही सोशल मीडिया पर छा चुका है। इस के बाद अब मेकर्स ने अक्षय खन्ना के औरंगजेब के लुक को शेयर किया है। जिसने सभी को हैरान कर दिया है। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अक्षय खन्ना के औरंगजेब लुक का नया पोस्टर साझा किया। इस पोस्टर में अक्षय खन्ना का रूप पहचान में नहीं आ रहा है। उनके चेहरे पर लहराते बाल और मुगल मुकुट पहने हुए वे अपने किरदार की तीव्रता और क्रूरता को बखूबी दर्शाते हैं। पोस्टर में लिखा गया है, डर और दहशत का नया चेहरा-मुगल साम्राज्य के क्रूर शासक मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में #अक्षय खन्ना को पेश करते हैं।



# महेश बाबू से शादी के लिए छोड़ी थी एक्टिंग

**पूर्व मिस इंडिया** और बॉलीवुड एक्ट्रेस रहीं नम्रता शिरोडकर का जन्म 22 जनवरी, 1972 को मुंबई में हुआ था। नम्रता शिरोडकर आज अपना 53वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। वो हिंदी फिल्मों के साथ-साथ साउथ फिल्मों में भी अपनी भूमिका निभा चुकी हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने साउथ सुपरस्टार मेहश बाबू से शादी करने के बाद एक्टिंग दुनिया से दूरी बना ली। नम्रता शिरोडकर ने साउथ एक्टर महेश बाबू से शादी की थी। कपल को एक बेटा गौतम घट्टामनेनी और एक बेटी सितारा घट्टामनेनी है। नम्रता ने मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब जीता था। मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत करने वाली नम्रता शिरोडकर जब प्यार किसी से होता है, कच्चे धागे, अलबेला और दिल विल प्यार व्यार जैसी फिल्मों में अपनी भूमिका निभा चुकी हैं। महेश बाबू संग नम्रता शिरोडकर की लव स्टोरी काफी फिल्मी रही है। साल 2000 में गर्मियों के समय में महेश बाबू और नम्रता की पहली बार मुलाकात फिल्म के मुहूर्त पर हुई थी। हालांकि, ये एक छोटी मुलाकात थी, लेकिन इसका इंप्रेशन काफी अच्छा पड़ा था। फिल्म खत्म होते होते तक दोनों एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए थे। बता दें कि नम्रता महेश बाबू से 4 साल बड़ी हैं, लेकिन इस वजह से कभी भी उनके रिश्ते के बीच में दिक्कत नहीं हुई। नम्रता और महेश ने अपने रिलेशनशिप को सीक्रेट रखा था। महेश ने अपने पेरेंट्स तक को इसके बारे में नहीं बताया था। वो नहीं चाहते थे कि उनका प्यार पैपराजी कल्चर के सामने आए। ये तो महेश की बहन थीं जिन्होंने उनके प्यार को लेकर खुलासा किया था। 2004 में कपल ने इसे ऑफिशियल किया। 10 फरवरी 2005 को उन्होंने शादी कर ली थी। बता दें कि शादी के बाद नम्रता ने एक्टिंग बंद कर दी थी। दरअसल, महेश नहीं चाहते थे कि उनकी पत्नी एक्टिंग करे और इसीलिए नम्रता ने एक्टिंग से दूरी बनाई।